NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष:06, अंक:-12, पृष्ठ: 12 | शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# वांगचुक को पुलिस ने उठाया

## एंबुलेंस से सफदरगंज अस्पताल ले गई, सीजेपी फाउंडर दीपके ने भूख हड़ताल शुरू की, कहा- सोनम सर को गालियां दीं, घसीटा गया, पीएम मोदी इस्तीफा दें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर 21 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक को पुलिस शनिवार सुबह सफदरजंग अस्पताल ले गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस का विरोध किया, जिससे वहां हंगामा हो गया।

इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। उन्होंने कहा- पुलिस ने सोनम सर को गालियां दीं और घसीटकर जबरन अस्पताल ले गए। पुलिस ने मेरे साथ भी मारपीट की। हम पीएम मोदी के इस्तीफे की मांग करते हैं।

वांगचुक पेपर लीक मामले की जांच और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनशन कर रहे हैं। उनकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी। उनका वजन करीब 9.5 किलो कम हो गया है। दरअसल दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को आदेश दिया था कि वांगचुक का रोजाना मेडिकल चेकअप किया जाए और जरूरत पड़ने पर उनका इलाज कराया जाए।





**वांगचुक के अलावा 3 स्टूडेंट भी भूख हड़ताल पर**

वांगचुक के साथ ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन की नेहा, आमीन और मनीष भी पिछले 21 दिनों से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे हैं। वे अभी भी अनशन पर हैं। नेहा को गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है, जबकि आमीन और मनीष की तबीयत भी लगातार बिगड़ रही है।

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने दी चेतावनी

सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो ने कहा कि मेरी और मेरे डॉक्टर की सहमति के बिना सोनम वांगचुक को कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए। अंग्मो ने कहा, 'वह सफदरजंग अस्पताल में हैं। मैंने उन्हें मेरी मंजूरी के बिना कुछ भी देने से मना किया है। मेरी मंजूरी के बिना कोई इलाज शुरू नहीं होना चाहिए। अगर कुछ भी होता है, तो मैं सभी को जिम्मेदार ठहराऊंगी।' उन्होंने कहा, कल वह बिल्कुल ठीक थे। उन्हें अस्पताल लाने की कोई जरूरत नहीं थी। अनुच्छेद 32 के तहत यह मेरा अधिकार है। मेरी और मेरे डॉक्टर की सहमति के बिना कुछ भी नहीं दिया जा सकता।

'माननीय हाई कोर्ट के आदेश और मेडिकल एक्सपर्ट्स की सलाह के अनुसार, सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत को देखते हुए उन्हें जरूरी मेडिकल देखभाल के लिए अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। पुलिस ने बहुत संयम बरता और यह काम सुरक्षित तरीके से किया। हम जंतर-मंतर पर मौजूद प्रदर्शनकारियों से अपील करते हैं कि वे जल्द से जल्द शांतिपूर्ण तरीके से जगह खाली कर दें।'

डीसीपी, नई दिल्ली

## भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च कामयाब, 450 किमी ऊपर कक्षा में पहुंचा

**हैदराबाद।** हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस ने आज शनिवार को भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 लॉन्च किया। यह टेस्ट पहले ही प्रयास में कामयाब रहा। यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से दोपहर 12:05 बजे की गई। पहले यह लॉन्चिंग 11:30 बजे होनी थी, लेकिन लॉन्च से 5 मिनट पहले काउंटडाउन रोक दिया गया। कुछ देर के होल्ड का बाद इसे दोबारा शुरू किया गया।


कंपनी ने 2022 में विक्रम-1 सबऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च किया था, जो 89.5किमी की ऊंचाई तक गया था। अब विक्रम-1 450किमी वाई 450किमी की पृथ्वी की सर्कुलर निचली कक्षा तक पहुंच गया है।



कॉस्मोस डायमंड्स की कलाकृति कॉस्मिक ब्लूम और एक खास माइक्रो-आर्ट पीस भी रॉकेट में भेजा गया है। यह माइक्रो-आर्ट पीस 18 कैरेट सोने से बना छोटा सा रॉकेट है। इस पर वैज्ञानिक सर सी वी रमन, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. कलाम की सूक्ष्म मूर्तियां उकेरी गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा गया एक पोस्टकार्ड भी रॉकेट में भेजा गया, जिस पर 'वंदे मातरम' शब्द अंकित हैं।

## महान ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स का 89 साल की उम्र में निधन

**एंटीगुआ।** क्रिकेट जगत ने अपने सबसे महान खिलाड़ियों में से एक को खो दिया है। वेस्टइंडीज के महान ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 28 जुलाई को उनका 90वां जन्मदिन था, लेकिन उससे पहले ही उनका निधन हो गया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सोबर्स को श्रद्धांजलि दी है। सर गारफील्ड सोबर्स को सर गैरी सोबर्स कहकर भी बुलाया जाता था। सोबर्स को क्रिकेट इतिहास का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग, तीनों विभागों में ऐसा स्तर स्थापित किया, जिसकी मिसाल आज भी दी जाती है। सोबर्स ने ऐसे दौर में क्रिकेट खेला, जब वेस्टइंडीज विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में गिनी जाती थी।






# यूपी के सभी 75 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## अरुणाचल प्रदेश के 35 गांवों में लैंडस्लाइड



**नई दिल्ली।** यूपी के लखनऊ, कानपुर और बाराबंकी समेत सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया। वाराणसी में गंगा नदी के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी होने के बाद गंगा आरती की जगह बदलनी पड़ी है। झांसी में 15 मिनट की बारिश के बाद पारा 7 डिग्री तक कम हो गया।

राजस्थान में मानसून अब भी ब्रेक पर है। राज्य में अब तक सामान्य से 21 फीसदी कम बरसात हुई है। वहीं, मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर समेत 44 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है। बंगाल की खाड़ी में एक्टिव लो प्रेशर एरिया और राजस्थान में एक्टिव सायक्लोनिक सक्र्युलेशन के चलते आने वाले दिनों में बारिश और बढ़ सकती है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में अपर सुबनसिरी जिले के गिबा, निलिंग, चेतम और दापोरिजो सर्किलों के 35 गांवों में फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड हुई। बाढ़ से अब तक 1,13,674 लोग प्रभावित हुए हैं।


# टिन्नू-मनीष यादव 39 घंटे की पुलिस रिमांड पर

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: गमछे से मुंह छिपाते रहे, साथ ले गई टीम



**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा घोटाला मामले में आरोपी रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव और उसके भतीजे मनीष यादव की 39 घंटे की पुलिस कस्टडी रिमांड शनिवार सुबह 8:40 बजे शुरू हो गई। पुलिस दोनों को जिला कारागार से पुलिस लाइन स्थित अस्पताल ले आई, जहां मेडिकल परीक्षण के बाद एसओजी कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टिन्नू यादव मीडिया और लोगों से बचने के लिए पूरे समय गमछे से अपना चेहरा ढके रहा। पुलिस दोनों को उन संदिग्ध स्थानों पर ले जा सकती है, जहां कथित रूप से चढ़ावे की रकम का बंटवारा होता था।

रियल एस्टेट और कंस्ट्रक्शन से जुड़े निवेश, घर, हॉस्टल तथा अन्य ठिकानों की भी जांच की जा सकती है। पुलिस नकदी, आभूषण और अहम दस्तावेजों की बरामदगी का प्रयास करेगी। इससे पहले तीन चरणों में छह आरोपियों से पूछताछ के दौरान दस्तावेज, आभूषण और दो चारपहिया वाहन बरामद किए जा चुके हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार एसआईटी रिपोर्ट में टिन्नू यादव के पास दानपेटिका (हुंडी) की चाबी होने का भी उल्लेख है। ऐसे में इस रिमांड से मामले में कई महत्वपूर्ण खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस और विशेष जांच दल (एसआईटी) दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रहे हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार पूछताछ के बाद उन्हें उन संदिग्ध स्थानों पर भी ले जाया जाएगा, जहां कथित तौर पर मंदिर के चढ़ावे की रकम का बंटवारा किया जाता था। इसके अलावा रियल एस्टेट, निर्माण कार्यों, मकानों, हॉस्टलों और अन्य संपत्तियों में किए गए संभावित निवेश की भी जांच होगी। पुलिस का प्रयास नकदी, आभूषण और मामले से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बरामदगी करना है। इससे पहले तीन चरणों की कस्टडी रिमांड के दौरान छह आरोपियों से पूछताछ में कई अहम साक्ष्य हाथ लगे थे। जांच एजेंसियों ने दस्तावेज, आभूषण और दो चारपहिया वाहन भी बरामद किए हैं। अब मुख्य आरोपी टिन्नू यादव और मनीष यादव से पूछताछ को जांच का सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।




सीएम योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद के दुधेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। योगी आदित्यनाथ ने मंदिर पहुंच कर पहले जलाभिषेक किया उसके बाद महंत नारायण गिरी ने पटका पहना कर और प्रतीक चिन्ह दे कर उनको सम्मानित किया।

## मेक्सिको में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा बढ़ा

**मेक्सिको।** दक्षिणी राज्य चियापास के तट पर शुक्रवार को 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसके बाद करीब 10 लाख लोगों के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। भूकंप का केंद्र मेक्सिको के प्यूर्टो मडेरो शहर के पास था। यह 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिससे आसपास के इलाकों में तेज झटकों की आशंका बढ़ गई है। यूएस सुनामी वार्निंग सिस्टम ने इस क्षेत्र के लिए सुनामी का अलर्ट जारी किया है। 7.4 तीव्रता के भूकंप को 'मेजर' कैटेगरी में रखा जाता है, जो बड़े पैमाने पर तबाही मचा सकते हैं। भूकंप के झटके मेक्सिको के पड़ोसी देश ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर में भी महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

# नींद की गोलियां खिलाईं, 2 बार सांप से कटवाया

## पत्नी ने प्रेमी संग किया पति का कत्ल



**मेरठ।** जिले के हस्तिनापुर थाना इलाके के जे ब्लॉक कॉलोनी में पत्नी दामिनी ने प्रेमी बस चालक तुषार के साथ मिलकर स्कूल संचालक अपने पति अतुल कुमार पंवार (32) की हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले अतुल को दूध में नींद की गोलियां खिलाई और फिर सोते समय सांप से डसवाकर उनकी जान ले ली। दामिनी, प्रेमी तुषार, दो सपेरे सोनू और उदय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक अतुल कुमार मूल रूप से बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव भंडोरा के रहने वाले थे। जबकि उनकी पत्नी दामिनी भड़ाना जे ब्लॉक की ही रहने वाली थी। दोनों का 2019 में प्रेम विवाह हुआ था। पिछले चार माह से दोनों छह वर्षीय बेटे मानिक के साथ जे ब्लॉक कॉलोनी में ही किराये के मकान में रहते थे। तीन महीने पहले दोनों ने कस्बे में कृष्णा किड्स प्ले स्कूल शुरू किया था। शुक्रवार सुबह अतुल अपने कमरे में मृत मिले। पत्नी दामिनी ने लोगों को बताया कि अतुल को सांप ने डस लिया है। अतुल के बिस्तर पर एक सांप भी मिला, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने मार डाला। अतुल के हाथ और पैर पर सांप के डसने के निशान भी थे। शुरूआत में मामला सामान्य सर्पदंश जैसा प्रतीत हुआ। पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मृतक के पिता अजब सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी बहू दामिनी ने ही उनके बेटे की हत्या की है। एसएसपी अविनाश पांडेय ने बताया है कि परिजनों के आरोपों पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अतुल के स्कूल में तीन माह से ही बस चालक के तौर पर कोहला, मवाना निवासी तुषार काम करता था। अतुल की पत्नी दामिनी का तुषार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी के चलते अतुल को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने मिलकर उनकी हत्या की साजिश रची। दोनों की मंशा अतुल के बीमे के 20 लाख रुपये हड़पने की भी थी। इसमें से पांच लाख रुपये सपेरो को देने थे।

# दावा- होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों में विस्फोट हो गया। बताया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की गलत जानकारी के कारण दोनों टैंकर समुद्र में बिछी माइंस से टकराने के बाद आग की चपेट में आ गए।

हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इस दावे को झूठा बताया। कहा कि उसने लगातार सातवीं रात ईरान के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडार और समुद्री सैन्य क्षमताओं पर हमले किए। अल जजीरा के मुताबिक, इन हमलों में सीरिक, बुशेहर, बंदर अब्बास, केश्म द्वीप और यज्द को निशाना बनाया गया। उधर, ईरानी सांसद अहमद बख्शायेश



अर्देस्तानी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो ईरान कुवैत और बहरीन में घुस जाएगा और वहां मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तबाह कर देगा। इराक ने पश्चिमी तेल कंपनियों के साथ दर्जनों शुरूआती समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें इराक-सीरिया कच्चा तेल पाइपलाइन को दोबारा शुरू करने की योजना भी शामिल है, ताकि तेल निर्यात के लिए होर्मुज स्ट्रेट पर निर्भरता कम की जा सके। ये समझौते शुक्रवार को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित अमेरिका-इराक बिजनेस समिट के दौरान हुए। इराक और सीरिया ने किर्कुक के तेल क्षेत्रों को सीरिया के बनियास बंदरगाह से जोड़ने वाली बंद पड़ी पाइपलाइन के पुनर्निर्माण पर सहयोग समझौता किया है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindianni@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
शनिवार, 18 जुलाई, 2026


# तीन घंटे तक धांय धांय

## शिकोहाबाद में दो बदमाश एनकाउंटर में ढेर: स्कूली बच्चों को बनाया बंधक, गोलियों की तड़तड़ाहट से कांपा इलाका





एनएनआई

**शिकोहाबाद।** फिरोजाबाद पुलिस और इटावा जिले की एसओजी व सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को एक संयुक्त ऑपरेशन में दो दुर्दांत इनामी लुटेरों को मार गिराया। मारे गए बदमाशों की पहचान सुमित यादव उर्फ विवेक निवासी नगला हरनाथ, सैफई, इटावा और अंकित उर्फ सीपू निवासी मोतीगंज, भरथना, इटावा के रूप में हुई है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

मुठभेड़ के दौरान बदमाशों द्वारा की गई ताबड़तोड़ फायरिंग में इटावा एसओजी टीम के दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक सिपाही के पेट में गोली लगी है, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, बीती 3 जुलाई 2026 को थाना इकदिल क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी में एक डॉक्टर से दिनदहाड़े चेन लूट की वारदात हुई थी। इस घटना में फरार अंकित और थाना चौबिया के एक अन्य लूट मामले में फरार सुमित यादव के संबंध में इटावा पुलिस को इनपुट मिला था कि दोनों गाजियाबाद से झारखंड-संभलपुर एक्सप्रेस द्वारा झारखंड भाग रहे हैं। इटावा की एसओजी-सर्विलांस टीम ट्रेन का पीछा करते हुए शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची।

करीब सुबह 11 बजे जैसे ही स्टेशन पर ट्रेन रुकी, पुलिस को देखकर दोनों बदमाशों ने ट्रेन से छलांग लगा दी और फायरिंग की। इस दौरान एक गोली एसओजी सिपाही डेविड चौहान निवासी उम्मेदपुर, सकीट, एटा के पेट में जा लगी और दूसरी गोली सिपाही पुष्पेंद्र के दाहिने कंधे को चीरती हुई निकल गई। खून से लथपथ होने के बावजूद पुलिस बदमाशों का पीछा जारी रखा। स्टेशन से भागकर बदमाशों ने स्वामी नगर के पास एक राजमिस्त्री से हथियार के बल पर बाइक लूटी। लेकिन कुछ ही दूरी पर बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। बाइक बंद होते ही बदमाश दौड़ते हुए प्राथमिक विद्यालय नीम खेरिया की बाउंड्रीवॉल लांघकर भीतर घुस गए और वहां स्कूल ड्रेस में मौजूद एक मासूम बच्चे को बंधक बनाकर उसकी आड़ से पुलिस पर फायरिंग करने लगे।

पुलिस ने पहले बच्चे को सुरक्षित मुक्त कराया। इसके बाद घबराए बदमाश अलग-अलग दिशाओं में भागे। एसओजी इटावा ने पहली घेराबंदी कर नीम खेरिया के एक चरी के खेत में अंकित उर्फ सीपू को मार गिराया। वहीं, दूसरी तरफ भाग रहे सुमित यादव को शिकोहाबाद पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने नगला कनही गांव के एक खेत में मुठभेड़ के दौरान ढेर कर दिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एडीजी आगरा जोन एसके भगत, डीआईजी आगरा शैलेश कुमार पांडेय, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद, एसएसपी फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे और एसएसपी इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया।

एडीजी आगरा जोन एसके भगत ने बताया कि बदमाश सुमित यादव उर्फ विवेक निवासी नगला हरनाथ, सैफई हिस्ट्रशीटर था। सैफई थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट खुली है। इसके खिलाफ लूट, डकैती, जानलेवा हमला और गैंगस्टर एक्ट सहित करीब 26 गंभीर मुकदमे दर्ज थे। वहीं, अंकित उर्फ सीपू निवासी मोतीगंज, भरथना, इटावा के खिलाफ डकैती प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के अलावा आर्म्स एक्ट और लूट के कई मामले दर्ज थे।



# ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर से चांदी का रथ गायब होने का आरोप

## सेवायत ने उठाए गंभीर सवाल

एनएनआई

**मथुरा।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पिछले लगभग एक दशक से जगन्नाथ रथयात्रा पर ठाकुरजी के फूलबंगला में चांदी के रथ झांकी सजाई जाती थी। लेकिन, इस बार जगन्नाथ रथयात्रा पर ठाकुरजी की झांकी में चांदी के रथ के दर्शन न होने पर मंदिर सेवायत दिनेश गोस्वामी ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर के सेवायत दिनेश गोस्वामी ने शुक्रवार देर शाम वीडियो जारी कर बांकेबिहारी के भक्तों को ठाकुरजी के चांदी के रथ के गायब होने की जानकारी दी। दिनेश गोस्वामी ने कहा हालांकि मंदिर में विष्णु स्वामी परंपरा की सेवा है और जगन्नाथ रथयात्रा मानने का कोई प्राविधान नहीं है।

लेकिन, मंदिर में पैसा बढ़ने के साथ सभी उत्सव जिनमें नौका विहार तथा रथयात्रा जैसे उत्सव मनाना शुरू हुआ। इसी क्रम में पिछले वर्ष भी जगन्नाथ रथयात्रा पर ठाकुरजी ने चांदी के रथ में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। इस रथ की भक्तों ने पूजा की और परिक्रमा की। लेकिन, इस बार चांदी के घोड़ों वाला रथ दिखाई नहीं दिया। ऐसे में रथ को गायब करने की संभावना उठने लगी है। आखिर चांदी का रथ कहां गया।

जगन्नाथ रथयात्रा पर पिछले वर्ष मंदिर में चल रहे मंदिर अधिग्रहण एवं गलियारा विरोधी आंदोलन में शामिल महिलाओं एवं सेवायतों ने रथ का पूजन कर परिक्रमा की थी।

# डीएम ने उर्वरक केंद्रों का किया निरीक्षण

एनएनआई

**हाथरस।** जिलाधिकारी अतुल वत्स ने दोपहर लगभग एक बजे मुरसान स्थित किसान सेवा केंद्र और कौशिक एग्री जंक्शन केंद्र का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण खरीफ की फसल की बुवाई शुरू होने के मद्देनजर किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्रों पर यूरिया, डीएपी, पोटाश और अन्य उर्वरकों के स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने स्टॉक पंजिका और किसान खाद बिक्री पंजिका का भी अवलोकन किया।

जांच में पाया गया कि विक्रय पंजिका पर दिनांक दर्ज नहीं थी। इस पर जिलाधिकारी ने विक्रेता को पंजिका में दिनांक के साथ-साथ क्रेता का पूरा विवरण, जिसमें मोबाइल नंबर भी शामिल हो, दर्ज करने के निर्देश दिए।



इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आवश्यकता पड़ने पर किसानों से संपर्क कर निर्धारित मूल्य पर खाद की उपलब्धता का सत्यापन किया जा सके। उर्वरक विक्रेता ने बताया कि खाद की बिक्री ई-पॉस मशीन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर की जाती है, लेकिन वर्तमान में सर्वर में समस्या आ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को सर्वर संबंधी समस्या के समाधान के लिए उच्च स्तर पर संपर्क करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उर्वरकों का विक्रय ई-पॉस मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद ही किया जाना चाहिए। उन्होंने खाद विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिया कि केंद्र पर सभी प्रमुख उर्वरकों के निर्धारित विक्रय मूल्य और उपलब्ध स्टॉक का विवरण सूचना पट्ट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि किसानों को कोई असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी खाद विक्रेता द्वारा कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर विक्रय या किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# छात्रा का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला, हत्या का आरोप

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** मक्खनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक हाईस्कूल छात्रा का शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला। 15 साल की छात्रा शिवानी के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

नगला सोती, थाना मटसेना निवासी शिवानी पुत्री भीकम सिंह शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे विजयपुर स्थित स्कूल के लिए घर से निकली थी। वह वापस नहीं लौटी। दोपहर लगभग 1 बजे उसका शव मक्खनपुर क्षेत्र के रसीदपुर कनेटा के पास रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला।

भाई पुष्पेंद्र ने आरोप लगाया है कि उनकी बड़ी बहन के ससुराल पक्ष से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इस मामले में शिवानी की कोर्ट में गवाही होनी थी। पुष्पेंद्र का आरोप है कि गवाही रुकवाने के उद्देश्य से ही उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक के पास फेंका गया है।



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस का ट्रैफिक पर नहीं चालान पर जोर

एनएनआई

■ व्यापारियों में आक्रोश, तिरंगा चौक पर प्रदर्शन कर जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

**आगरा।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में नाकाम ट्रैफिक पुलिस ने नया तरीका ईजाद कर लिया है। घरों के बाहर खड़े वाहनों के भी चालान किए जा रहे हैं। इसको लेकर खेरिया मोड़ के व्यापारियों ने टीएसआई की कार्यप्रणा ली के खिलाफ तिरंगा चौक पर प्रदर्शन किया।

थाना शाहगंज के सराय ख्वाजा क्षेत्र के व्यापारियों ने टीएसआई पर मनमानी का आरोप लगाया। आरोप है कि दुकानों पर आने वाले ग्राहकों के वाहनों के जबरन चालान किए जा रहे हैं। जबकि डग्गेमार वाहन चालकों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। व्यापारियों के अनुसार सराय ख्वाजा क्षेत्र के खेरिया मोड़ स्थित तिरंगा चौक पर रोजाना व्यापारी ध्वजारोहण करते हैं। इस दौरान अतिथियों को भी बुलाया जाता है। व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस घरों के बाहर खड़े वाहनों के 7 हजार रुपये तक के चालान काट रही है। दुकान पर 20 रुपये की बेड़ई खाने आए ग्राहक का 2 हजार रुपये का चालानकाटा जा रहा है।

दुकानों और ऑफिसों के संचालक और उनके स्टाफ की गाड़ियों के चालान किए जा रहे हैं। जबकि वाहन सफेद लाइन के पीछे खड़े हैं। ट्रैफिक पुलिस की इस मनमानी के चलते ग्राहकों ने दुकानों पर आना कम कर दिया है। शुक्रवार को भी सुबह से ही मनमाने तरीके से चालान किए गए इसका व्यापारियों ने विरोध किया। व्यापारी दिनेश अरोड़ा ने बताया कि चौराहे से 70 मीटर दूर आटो की पार्किंग है। वहां कोई बोर्ड नहीं है। देहात के परमिट के लाल ऑटो और फतेहपुरसीकरी की सवारियां भरने वाले डग्गामार वाहन दिन भर सड़क घेर कर खड़े रहते हैं, लेकिन सुविधा शुल्क के कारण उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। पुलिस चौकी के बाहर भी हर वक्त दर्जनों आटो खड़े रहते हैं। इसको लेकर व्यापारी पूर्व में नगर आयुक्त और डीसीपी ट्रैफिक से शिकायत कर चुके हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर यही हाल रहा तो वह प्रतिष्ठान बंद कर धरना देने को मजबूर होंगे।

**जनप्रतिनिधि ने लगाई फटकार**

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अपने कार्यकर्ताओं के साथ कार से निकले तो टीएसआई के काम के तरीके पर उनकी नजर पड़ गई। उनकी कार रोक ली। इस पर उन्होंने टीएसआई को सही तरह से काम करने की हिदायत देते हुए जमकर लताड़ लगाई।

## एसीपी ट्रैफिक को सौंपी जांच

डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने कहाकि जो चालान किए गए, वह यातायात नियमों के उल्लंघन के थे। व्यापारियों के आरोपों की जांच कराई जा रही है। एसीपी ट्रैफिक अलका को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट

एनएनआई



**फतेहाबाद।** आगामी श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त (पूर्वी जोन) अभिषेक अग्रवाल की अध्यक्षता में बमरौली कटारा स्थित कार्यालय में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त, विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक, क्षेत्र के मंदिरों के पुजारी, मंदिर प्रबंधन समितियों के पदाधिकारी, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कांवड़ यात्रा मार्गों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुचारु यातायात व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग, साफ-सफाई, पेयजल, रात्रि में प्रकाश व्यवस्था तथा भीड़ नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। प्रमुख मंदिरों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रभावी उपयोग करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में आपातकालीन मार्ग (इमरजेंसी रूट), क्विक रिस्पांस टीम , एंबुलेंस एवं मेडिकल टीम की उपलब्धता, नदी-घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन विभाग की तत्परता तथा विद्युत, नगर निगम, स्वास्थ्य एवं परिवहन विभागों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों और हुड़दंगियों पर कड़ी निगरानी रखने की बात कही गई। डीसीपी पूर्वी जोन ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से आपसी समन्वय बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए।

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए।

# आगरा में सुबह से छाए बादल, बारिश के आसार

एनएनआई

**आगरा।** आज सुबह बादल छाने के साथ बूंदाबांदी हुई। हालांकि उमस भरी गर्मी से ज्यादा राहत नहीं मिली है। दिन में भी एक या दो बार बूंदाबांदी या बारिश होने की संभावना है। रविवार को भी बादल छाए रहेंगे। 20 जुलाई से 4 दिन तक रुक-रुक बारिश के आसार हैं। 21 जुलाई को भारी तूफान और बारिश को लेकर मौसम विभागने अलर्ट किया है।

शुक्रवार को भीषण उमस के बाद शनिवार सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई। आगरा में मानसून जोर नहीं पकड़ पा रहा है। हालांकि अब तक सामान्य से 22 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। बारिश कम होने की वजह से उमस काफी बढ़ी हुई है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। शनिवार सुबह बूंदाबांदी हुई। मगर, इससे उमस से राहत नहीं मिली है। शुक्रवार को आगरा में भीषण गर्मी रही। तापमान एक बार फिर से 37 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रात भी गर्मी अपना असर दिखा रही है।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।





# तोता तलाशने पर 50 हजार का इनामः पक्षी मालिक ने जगह-जगह लगवाए होर्डिंग, तलाश में भटक रहे

एनएनआई

**आगरा।** आवास विकास कॉलोनी निवासी अधिवक्ता सुनील कुमार का पालतू तोता लापता हो गया। उन्होंने तोते की तलाश के लिए क्षेत्र में कई होर्डिंग और पोस्टर लगा दिए हैं। तोते के बारे में बताने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की है। अब ये होर्डिंग क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हैं और सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं। होर्डिंग पर लिखा है कि पक्षी लापता। तलाशने वाले को 50 हजार रुपये का इनाम। तोते के मालिक परेशान हैं और उसकी तलाश कर रहे हैं। अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह आवास विकास स्थित कान्हा जी रेजीडेंसी में रहते हैं। बताया कि करीब एक साल पहले पेड़ के टूटने पर उन्हें तोते का बच्चा मिला था। उन्होंने उसे पाल लिया। उसका नाम माऊ रखा और वह घर के सदस्य की तरह है। 13 जुलाई को कॉलोनी में काम चल रहा था। शाम करीब साढ़े 4 बजे माऊ उनके कंधे पर बैठा था। तभी अचानक तेज आवाज होने पर वो डर गया और उड़ गया। फिर लौटकर नहीं आया। उसके जाने के बाद से बेटी और बेटा बहुत उदास हैं।

# कारोबार में धोखाः पिता-पुत्रों ने 24 लाख का सोना-चांदी लेकर नहीं किया भुगतान

एनएनआई




**आगरा।** किनारी बाजार के सराफा कारोबारी ने एक परिवार के तीन लोगों पर करीब 24 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी और नकदी हड़पने का आरोप लगाया है। कोतवाली थाने में धोखाधड़ी की धारा में प्राथमिकी दर्जकर जांच की जा रही है।

किनारी बाजार स्थित केवीएस गोल्ड के संचालक अनंत शर्मा ने बताया कि बड़ा हनुमान मंदिर, विद्या नगर, नगला पदी निवासी विजय अग्रवाल, उनके पुत्र रजत और दीपक के साथ लंबे समय से सोना-चांदी की खरीद और बिक्री का कारोबार कर रहे थे। 30 जून को अंतिम हिसाब के मिलान में विजय, रजत और दीपक पर 174 ग्राम 500 मिलीग्राम शुद्ध सोना, 5 किलो 154 ग्राम शुद्ध चांदी और 1,45,398 रुपये नकद बकाया निकल रहे थे। मौजूदा बाजार मूल्य के अनुसार सोना, चांदी और नकदी की कुल कीमत करीब 24 लाख रुपये है।

इसके बाद विजय और दीपक अग्रवाल लगातार भुगतान टालते रहे। 2 जुलाई को दोनों एक अन्य व्यक्ति के साथ आए और कहा कि उन्होंने रजत अग्रवाल को संपत्ति से बेदखल कर दिया है, इसलिए वही रुपये, सोना और चांदी देगा। पीड़ित का आरोप है कि तीनों ने आपसी साजिश के तहत बेईमानी की नीयत से उसका माल और नकदी हड़प ली। उसने पुलिस को हिसाब का पर्चा, बेदखली की कटिंग, वीडियो फुटेज और व्हाट्सएप चैट भी सौंपी है। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

NNI हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 18 जुलाई, 2026


पार्ट-2




# बाल विवाह

## बचपन के सपनों की हत्या और कानून की सख्त चेतावनी

**कच्ची उम्र में किया विवाह तो होगी जेल**

### संविधान भी खड़ा है बच्चों के साथ

भारतीय संविधान प्रत्येक बच्चे के सम्मानपूर्ण जीवन और विकास की गारंटी देता है।

- अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।
- अनुच्छेद 15(3) महिलाओं और बच्चों के हित में विशेष कानून बनाने की अनुमति देता है।
- अनुच्छेद 21 गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करता है।
- अनुच्छेद 21ए 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।
- अनुच्छेद 39(ई) एवं 39(एफ) बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और समुचित विकास की रक्षा का निर्देश देते हैं।
- अनुच्छेद 45 प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करता है।

स्पष्ट है कि बाल विवाह संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

### अन्य कानून भी हो सकते हैं लागू

यदि बाल विवाह के बाद 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे के साथ यौन संबंध स्थापित किए जाते हैं, तो परिस्थितियों के अनुसार यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 लागू हो सकता है। यदि बच्चे की देखभाल, सुरक्षा या संरक्षण प्रभावित होता है तो किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधान भी लागू हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मामले के तथ्यों के अनुसार अन्य प्रासंगिक आपराधिक कानून भी लागू हो सकते हैं।




### सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण निर्णय

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इंडिपेंडेंट थॉट बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2017) मामले में ऐतिहासिक निर्णय देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु की पत्नी के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध या सहमति से भी यौन संबंध बनाना दंडनीय होगा, क्योंकि नाबालिग की सहमति को कानून मान्यता नहीं देता। इस निर्णय ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह किसी भी स्थिति में बच्चों के अधिकारों से समझौता करने का आधार नहीं बन सकता। सर्वोच्च न्यायालय समय-समय पर यह भी स्पष्ट करता रहा है कि बच्चों के जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और गरिमा की रक्षा करना राज्य और समाज दोनों की साझा जिम्मेदारी है। इसलिए बाल विवाह रोकना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि संवैधानिक और नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

### सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण दृष्टिकोण

भारत का सर्वोच्च न्यायालय अनेक अवसरों पर यह स्पष्ट कर चुका है कि बच्चों के अधिकार सर्वोपरि हैं। बाल विवाह जैसी प्रथाओं को समाप्त करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया है कि नाबालिगों के अधिकारों की रक्षा के लिए बने कानूनों का उद्देश्य बच्चों को शोषण और उत्पीड़न से बचाना है।

### समय पर दी गई सूचना किसी बच्चे का जीवन बदल सकती है।

बाल विवाह रोकना केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जब तक प्रत्येक नागरिक 'न बाल विवाह करेंगे, न होने देंगे' का संकल्प नहीं लेगा, तब तक इस कुरीति का पूर्ण उन्मूलन संभव नहीं होगा।



नरेश कुमार पारस
अधिवक्ता एवं चाइल्ड राइट्स एक्टिविस्ट
बाल अधिकार कानून विशेषज्ञ

### बाल विवाह हो रहा हो तो क्या करें?

यदि किसी को बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें।

-पुलिस - 112
-चाइल्ड हेल्पलाइन - 1098
-जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू)
-जिला प्रोबेशन अधिकारी
-बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी
-बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी)
-जिला प्रशासन

* सभी चित्र AI द्वारा बनाये गये हैं

# आगरा व्यापार मंडल लगायेगा विशाल रक्तदान शिविर

## चतुर्थ रक्तदान शिविर में 2000 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य

एनएनआई

**आगरा।** आगरा व्यापार मंडल से जुड़े समाजसेवी सुनील केसवानी के नेतृत्व में बेलनगंज स्थित सूर्या कॉम्प्लेक्स में रक्तदान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टी.एन. अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि आगरा व्यापार मंडल एवं सहयोगी संस्था लोकहितम ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में चतुर्थ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 16 अगस्त को रामस्वरूप गर्ल्स इंटर कॉलेज, कटरा नंबर-1, चिम्मन चौराहा, आगरा में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष शिविर में 2000 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। टी.एन. अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों का खून व्यापारियों के ही काम आना चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा के इस महाअभियान से जुड़ने का आव्हान किया। इसी क्रम में अध्यक्ष टी.एन. अग्रवाल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैया लाल राठौर के नेतृत्व में संयोजक राजीव गुप्ता एवं योगेश रखवानी ने आगरा इलेक्ट्रिक कॉन्ट्रैक्टर एंड मर्चेंट एसोसिएशन के साथ एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की। इस दौरान संस्था के सदस्यों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा बड़ी संख्या में रक्तदान पंजीकरण फॉर्म भरवाए गए। साथ ही युवा टीम का गठन करते हुए 200 यूनिट से अधिक रक्तदान कराने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सुनील केसवानी, निशांत मूलचंदानी, आलोक जैन, विकास जैसवानी, चिंटू भाई, आशीष गुप्ता, टोनी जैन, लाजपत जी, देव पंडित सहित अनेक व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# मेट्रोः प्रथम कॉरिडोर के एलिवेटेड सेक्शन में 152 पिलर तैयार

## आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन का फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में, गुरु का ताल एवं सिकंदरा में स्टेशन निर्माण प्रगति पर

**आगरा** (एनएनआई)। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा प्रथम कॉरडोर में जल्द से जल्द यात्री सेवाओं के विस्तार के संकल्प के साथ तेज गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आगरा मेट्रो की एक और उपलब्धि के अंतर्गत प्रथम कॉरिडोर के सभी 152 पियर (पिलर) बनकर तैयार हो गए हैं। सिकंदरा डेड एंड तक सभी पियर की कास्टिंग आज पूरी कर ली गई है। प्रथम कॉरिडोर के शेष ऐलिवेटेड भाग ( खंदारी स्तिथ आरबीएस रैंप से सिकंदरा) में कुल 722 पाइल, 152 पाइलकैप एवं 152 पियर का निर्माण किया जाना था । जिसमें सभी पाइल, पाइलकैप एवं 152 पिलर का निर्माण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इसके साथ ही अब तक 115 पियरकैप एवं 220 यू गर्डर का परिनिर्माण भी किया जा चुका है। इस भाग के लिए अरतौनी स्थित कास्टिंग यार्ड में पियरकैप, यू गर्डर आदि की कास्टिंग की जा रही है।



# आईईटी में अल्ट्राटेक सीमेंट का सफल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

## विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध

**आगरा** (एनएनआई)। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), स्वामी विवेकानंद परिसर, खंदारी में आदित्य बिड़ला ग्रुप की अग्रणी कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा एक सफल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सिविल इंजीनियरिंग तथा एमबीए (सेल्स) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन, प्रारंभिक स्क्रीनिंग तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए। कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, संप्रेषण कौशल एवं व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया। कंपनी की ओर से बताया गया कि साक्षात्कार का अंतिम परिणाम आगामी 10 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उद्योगों के साथ निरंतर सहयोग स्थापित कर विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। संस्थान के निदेशक प्रो. मनु प्रताप सिंह ने भी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उद्योग-शिक्षा सहयोग विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा भविष्य में भी प्रतिष्ठित कंपनियों के प्लेसमेंट ड्राइव संस्थान में आयोजित किए जाते रहेंगे।

# श्रमिकों को निर्माण कंपनियों में मिलेगी प्राथमिकता : तुलाराम शर्मा

- श्रमिको को 'पेंट्स एंड कोटिंग्स स्किल काउंसिल' द्वारा प्रमाणित कौशल प्रमाण पत्र वितरित किए गए

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण मजदूर संगठन व बी.डब्लू. आई द्वारा आयोजित हितधारक संवाद में असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को 'पेंट्स एंड कोटिंग्स स्किल काउंसिल' द्वारा प्रमाणित कौशल प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय श्रमिकों को मान्यता प्राप्त कौशल देकर उनकी रोजगार क्षमता और आय में वृद्धि करना है

उत्तर प्रदेश के असंगठित क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के आर्थिक और व्यावसायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, उत्तर प्रदेश ग्रामीण मजदूर संगठन व बी.डब्लू. आई ने 'पेंट्स एंड कोटिंग्स स्किल काउंसिल' द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन हितधारक संवाद के दौरान किया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश ग्रामीण मजदूर संगठन द्वारा संचालित कौशल विकास केन्द्र मंण्डी मिर्जा खॉ फतेहपुर सीकरी आगरा में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पेंटर्स को 'पेंट्स एंड कोटिंग्स स्किल काउंसिल' द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल प्रमाणपत्र सौंपे गए। संगठन के अध्यक्ष तुलाराम शर्मा ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर जो वर्षों से असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे है, उनके कौशल को मान्यता दिलाने के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम है। श्रमिकों को ठेकेदारों और बड़ी निर्माण कंपनियों द्वारा अधिक प्राथमिकता और बेहतर मजदूरी मिल सकेगी। इससे इन श्रमिकों की आजीविका में सुधार होगा और उनकेजीवन स्तर में वृद्धि होगी। मंण्डी मिर्जा खॉ के प्रधान गिरीश कुशवाह ने कहा कि उनका सहयोग संगठन के साथ हमेशा से है व सगंठन द्वारा प्रशिक्षित श्रमिको को पंचायत स्तर पर जो भी सहयोग होगा।






# बूथ से जीतेंगे 2027 का किला

एनएनआई



**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर की संगठनात्मक बैठक होटल पी एल पैलेस में आयोजित हुई जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने आगामी 22 जुलाई को आगरा महानगर की सभी विधानसभाओं में आयोजित होने वाले बूथ सम्मेलनों में बूथ स्तर से लेकर,शक्ति केंद्र,मंडल से लेकर विधानसभा तक के अध्यक्ष,प्रभारी एवं महानगर की कार्यकारिणी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की अपील की।

बैठक को केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल,राज्य सभा सांसद नवीन जैन, एम एल सी विजय शिवहरे, विधायक डॉक्टर जी एस धर्मेश, विधायक धर्मपाल सिंह,ने भी संबोधित किया और उपस्थित सभी कार्यकताओं को बूथ समिति,शक्ति केंद्र,पन्ना प्रमुख आदि माइक्रो प्रबंधन को मजबूत करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल,भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ,राज्यसभा सांसद नवीन जैन ,एम एल सी विजय शिवहरे ,विधायक एत्मादपुर धर्मपाल सिंह , विधायक आगरा छावनी डॉक्टर जी एस धर्मेश , महामंत्री हेमंत भोजवानी , महेश शर्मा ,नीतेश शिवहरे ,मनवीर चौहान ,नवीन गौतम ,दीपू जादोन ,रोहित कत्याल,राहुल सागर ,राजू परमार,मनमोहन कुशवाह ,अनीता खरे ,डॉक्टर निधि शर्मा ,नेहा गुप्ता ,अंजू गर्ग ,माधुरी माहोर, अंकित शर्मा ,विकास भारद्वाज ,अनिल सारस्वत,विकास गुप्ता ,नंदी महाजन,के के सिकरवार,विजय श्रीवास्तव,विवेक पाठक,शशांक ठाकुर आदि उपस्थित रहे।




# गणेश राम नागर सरस्वती स्कूल में हुआ पौधरोपण

एनएनआई

**आगरा।** गणेश राम नागर सरस्वती बालिका विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 एवं 7 की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लगभग पचास पौधों का वितरण छात्राओं के बीच किया गया, जिससे उनमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके।

डॉ. बीना शर्मा ने छात्राओं को समझाया कि जिस प्रकार माँ हमें जीवन देती हैं, उसी प्रकार वृक्ष हमारे जीवन को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्या चारू पटेल ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए छात्राओं को वृक्षारोपण पर एक प्रोजेक्ट तैयार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राएँ अपने विवेक और रचनात्मकता का उपयोग करते हुए पौधे के संपूर्ण जीवन चक्र पर आधारित प्रोजेक्ट तैयार करें और विद्यालय में प्रस्तुत करें।

छात्राओं को यह भी समझाया गया कि जिस प्रकार एक छोटे बच्चे की देखभाल की जाती है, उसी प्रकार लगाए गए पौधों की भी नियमित देखभाल आवश्यक है। यह संदेश उनके जीवन में अनुशासन, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक होगा। इस प्रकार छात्राओं की सक्रिय सहभागिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# दीक्षोत्सव 2026: देशभक्ति समूह गायन के साथ हुईं लोक नृत्य प्रतियोगिताएं




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षोत्सव कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत खंदारी परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार (जे.पी. सभागार) में देशभक्ति समूह गायन व समूह लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न आवासीय संस्थानों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

देशभक्ति समूह गायन प्रतियोगिता में ललित कला संस्थान ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। के.एम.आई. ने द्वितीय और इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस के प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय संस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का मन मोह लिया। के.एम.आई. की टीम द्वितीय और इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस के प्रतिभागी तृतीय स्थान पर रहे।

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. ज्योति खंडेलवाल, गजेंद्र सिंह, राशि जौहरी एवं सुजाता अग्रवाल ने निर्णायक मंडल के रूप में किया।

आयोजन समिति में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीलू सिन्हा के नेतृत्व में डॉ. रमा, डॉ. तपस्या चौहान व पुरुषोत्तम मयूरा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का प्रभावी व आकर्षक संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस की छात्रा कौशाम्बी ने किया। देशभक्ति, सांस्कृतिक विविधता और युवा प्रतिभाओं से ओतप्रोत इस आयोजन ने उपस्थित सभी दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया तथा दीक्षोत्सव-2026 के सांस्कृतिक आयोजनों को नई गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. आर.के. अग्निहोत्री, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. भूपेंद्र स्वरूप शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी पूजा सक्सेना, डॉ. सुरभि महाजन, डॉ. मोनिका अस्थाना, डॉ. उदिता तिवारी, डॉ. निभा जादौन, डॉ. रत्ना पाण्डेय, डॉ. नीरज कुशवाह, पं. देवाशीष गांगुली, डॉ. मोहिनी दयाल, डॉ. नंदिनी, डॉ. जागृति, डॉ. शिवानी, सहित अनेक शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# गली-मोहल्लों में पहुंचकर डायरिया के प्रति जन जागरूकता लाएंगे प्रचार वाहन

एनएनआई

**आगरा।** जनपद में डायरिया की रोकथाम व जागरुकता के लिए 25 अगस्त तक प्रचार वाहन चलाए जाएंगे। डायरिया रोको अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नंदन सिंह और अर्बन नोडल डॉ. रिशी ने तीन प्रचार वाहनों को रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर समुदाय को शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया के लक्षण, कारण और बचाव आदि के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे। डीआईओ ने कहा कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए जनजागरूकता बहुत जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डायरिया के प्रति जागरूकता सम्बन्धी संदेशों वाले पोस्टर-बैनर से सुसज्जित यह प्रचार वाहन जन-जन तक डायरिया से डरने नहीं बल्कि सतर्क रहने का सन्देश पहुंचाएंगे। डॉ. रिशी गोपाल ने कहा कि जिले में 25 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलाया जा रहा है। डायरिया रोको अभियान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू भी डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के माध्यम से सहयोग कर रहे हैं।

# दिव्यांग छात्राओं को मिलेगी 'मुफ्त ई- ट्राईसाइकिल'

- जिले की प्रत्येक विधानसभा सीट से चुनी जाएंगी 20 पात्र दिव्यांग छात्राएं
- 16 वर्ष से अधिक आयु और बीपीएल श्रेणी की बेटियों को मिलेगी विशेष वरीयता

एनएनआई



**आगरा।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए एक बेहतरीन कल्याणकारी योजना की शुरूआत की है। इसके तहत स्कूल, कॉलेज या किसी भी व्यावसायिक प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) केंद्र में पढ़ाई कर रही दिव्यांग छात्राओं को मुफ्त ई- ट्राईसाइकिल वितरित की जाएगी, ताकि संसाधनों और परिवहन के अभाव में किसी भी बेटी की शिक्षा बीच में न छूटे।

इस योजना को जमीनी स्तर पर पारदर्शी तरीके से लागू करने के लिए रूपरेखा तैयार कर ली गई है। दिशा- निर्देशों के अनुसार जनपद की प्रत्येक विधानसभा सीट से 20- 20 सबसे योग्य और पात्र दिव्यांग छात्राओं का चयन किया जाएगा। इस व्यवस्था से जिले के सभी क्षेत्रों की जरूरतमंद छात्राओं को समान रूप से योजना का लाभ मिल सकेगा, जिससे वे बिना किसी शारीरिक या आर्थिक निर्भरता के सम्मानपूर्वक अपने शिक्षण संस्थानों तक पहुंच सकेंगी।


इस योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी बेटियों तक पहुंचाने के लिए पात्रता नियम तय किए गए हैं। 16 वर्ष या उससे अधिक आयु की ऐसी दिव्यांग छात्राएं जो किसी विद्यालय या संस्थान में अध्ययनरत हैं, वे इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। लाभार्थियों के चयन में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी की उन छात्राओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं है। लक्ष्य शेष रहने पर दिव्यांगता की गंभीरता और आय के बढ़ते क्रम के आधार पर अन्य छात्राओं का चयन किया जाएगा। आवेदन के लिए यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय- जाति-निवास प्रमाण पत्र, 2 फोटो और अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप यह योजना दिव्यांग बेटियों के जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव लेकर आएगी। अक्सर परिवहन के सुरक्षित साधनों की कमी के कारण कई बेटियां उच्च शिक्षा या ट्रेनिंग बीच में ही छोड़ देती थीं। मुफ्त ई- ट्राईसाइकिल मिलने से न सिर्फ उनका समय बचेगा, बल्कि उनके भीतर एक नया आत्मविश्वास जगेगा। विभाग पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र छात्राओं के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है, ताकि हर जरूरतमंद बेटी सशक्त बन सके। मेरी अपील है कि सभी पात्र छात्राएं आवश्यक अभिलेखों के साथ समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं।

# भागवताचार्य एवं पत्नी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## कार में तोड़ फोड़, पथराव, आगजनी का आरोप, पड़ोसी समेत 4 घायल

एनएनआई







**बाह।** बिजकौली गांव में एक ही परिवार में जमीन का विवाद शुक्रवार की रात 8 बजे तूल पकड़ गया। आगरा के रहने वाले भागवताचार्य केशव शास्त्री एवं उनकी पत्नी भावना को दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया। मारपीट के दौरान पथराव एवं कार में तोड़ फोड़ की गई। घर में आगजनी का भी आरोप लगा है। मारपीट में घायल हुए 4 लोगों का पुलिस ने मेडीकल कराया है। आगरा के भागवताचार्य केशव शास्त्री की शादी बिजकौली गांव की भावना के साथ हुई थी। भावना अपने पति एवं मां के साथ बिजकौली में रहती है। भावना ने पुलिस को बताया कि मां ने उसके नाम 7 बीघा जमीन लिख दी है। यह बात परिवार के लोगों को नागवार गुजरी है। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने भी मां से घर और जमीन अपने नाम लिखा ली है। शुक्रवार की रात जमीन के विवाद में उपेन्द्र और रामदत्त आदि ने अचानक हमला कर दिया। मारपीट के दौरान वह पति के साथ जान बचाकर भागी तो दौड़ा दौड़ा कर पीटा और पथराव किया। भागवताचार्य को बचाने के लिए पहुंचे पड़ोसी छोटेलाल को भी पीट दिया। आरोप है कि घर में आगजनी की घटना भी की है। दूसरी ओर हमले ओर मारपीट के लिए उपेन्द्र पक्ष ने केशव शास्त्री पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। ईंट, पत्थर और डंडों से कार में तोड़ फोड़ की है। जिससे कार के आगे और पीछे के शीशे क्षतिग्रस्त हो गये हैं। मारपीट में उनके और रामदत्त के चोट लगी है। बाह पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया है। पुलिस के मुताबिक दोनों पक्ष एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। मेडीकल रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## अछनेरा पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**अछनेरा** एनएनआई। क्षेत्र में हो रही आपराधिक घटनाओं पर पूर्ण रूप अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को वांछित चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में थाना अछनेरा पुलिस ने 16 जुलाई को 22 वर्षीय नीरज पुत्र विजय सिंह निवासी गांव साधन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी विजय सिंह चन्देल ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

इस दौरान-थाना प्रभारी विजय सिंह चन्देल,पवन सिंह,गौरव कुमार,प्रियांशु खारी और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पिनाहट पुलिस के हत्थे चढ़े दो चोर, दो वारदातों का खुलासा

एनएनआई



**पिनाहट ।** थाना पिनाहट पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो पीली धातु की झुमकियां तथा ?5,750 नकद बरामद किए। बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, कस्बा पिनाहट के मोहल्ला शेरी निवासी सोमेश कुमार ने 7 जुलाई की रात घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं मोहल्ला मार निवासी मनोज कुमार ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को अरनोट रोड स्थित एक खेत के पास से साधु पुत्र नत्थू, निवासी टेढ़सर कॉलोनी थाना पिनाहट, तथा मुन्ना पठान पुत्र मेहराज, निवासी चांदनी चौक, कस्बा पिनाहट को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद दोनों मामलों का सफल खुलासा हुआ

# बेकाबू डंपर दो मंजिला मकान में घुसा

- गेट और दीवार तोड़ते हुए मकान में घुसा डंपर, स्थानीय लोगों ने ओवरलोड वाहनों पर उठाए सवाल

एनएनआई



**खेरागढ़।** कस्बे में शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार और बेकाबू डंपर सड़क किनारे बने दो मंजिला मकान में जा घुसा। डंपर की जोरदार टक्कर से मकान का मुख्य गेट और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे के समय मकान के भीतर मौजूद लोग सुरक्षित रहे और कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए एक डंपर चालक हुकुम सिंह को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि खेरागढ़ के कागरोल रोड पर आए दिन तेज रफ्तार और ओवरलोड डंपरों के कारण हादसे होते रहते हैं। उनका आरोप है कि रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक सैकड़ों ओवरलोड डंपर इस मार्ग से गुजरते हैं, जिनमें अधिकांश राजस्थान नंबर के होते हैं। ये वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर तेज गति से दौड़ते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

## कैथोली में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, पुलिस ने संभाला मोर्चा

एनएनआई



**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव कैथोली में पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर गांव में शांति व्यवस्था कायम कराई। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के चलते देर रात दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट हो गई। घटना के बाद थाना खेरागढ़ में प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अगले ही दिन सुबह एक बार फिर दोनों पक्षों के बीच विवाद भड़क उठा और दोबारा लाठी-डंडे चल गए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, जमीन को लेकर दोनों परिवारों के बीच पहले भी कई बार झगड़े हो चुके हैं। इस बार हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। मामले में थाना खेरागढ़ में 15 लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है तथा पुलिस आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## घर में घुसकर जानलेवा हमला, सात नामजद समेत 11 पर केस

एनएनआई

**फतेहपुर सीकरी।** बुधवार रात्रि ग्राम खेड़ा जाट में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने के प्रयास के मामले में पुलिस ने सात नामजद समेत 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज.की गई है।

ग्राम खेड़ा जाट निवासी संतोष पुत्र गंभीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि प्रशांत पुत्र विजयपाल, अंकुर पुत्र राजू, ऋषि पुत्र राजू, राहुल पुत्र भूरा, धर्मेंद्र पुत्र पंकज, राजू पुत्र चौब सिंह तथा विजयपाल पुत्र मांगेराम निवासी नगला सराय सहित चार-पांच अज्ञात लोग एक राय होकर उसके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने अवैध तमंचा दिखाकर धमकाया और लाठी-डंडों, लोहे की सरिया व ईंटों से हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से सिर पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने धर्मेंद्र पुत्र पंकज को पकड़ लिया। पीड़ित का दावा है कि घटना का वीडियो भी बनाया गया है, जिसे पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , फिर एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर किया गया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों व चार-पांच अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो चोरी की वारदातों का पर्दाफाश, अंतरराज्यीय गिरोह का शातिर सदस्य गिरफ्तार

**पिनाहट** एनएनआई । थाना बासौनी पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन, कमिश्नरेट आगरा की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में हुई दो चर्चित चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार पीली धातु की अंगूठियां, एक सफेद धातु की करधनी तथा एक जोड़ी सफेद धातु की पायल बरामद की। पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल 2026 की रात ग्राम बासौनी निवासी रामकिशन शिवनारायण के घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी की गई थी। वहीं 14 मई 2026 की रात वीरेंद्र सिंह तोमर, निवासी ग्राम गुगांवली, थाना बासौनी के घर सहित उनकी दो पड़ोसियों के यहां भी चोरी हुई थी। दोनों मामलों में थाना बासौनी में मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस आयुक्त आगरा के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर भूमिया बाबा मंदिर के पास से जगदीश पुत्र रामस्वरूप, निवासी खुशालवली, थाना देवगढ़, जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर दोनों मुकदमों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# 9 जुलाई से लापता मनु मौसा के कब्जे से हुई बरामद


एनएनआई

**फतेहपुर।** ग्राम कराही के नगला रमले में विगत 9 जुलाई को घर से गायब हुई तेरह वर्षीय बालिका मनु को नवें दिन शुक्रवार को धौलपुर से आगरा मार्ग में पुलिस द्वारा मौसा के कब्जे से बरामद किया गया।

बता दें विगत 9 जुलाई को मां की मारपीट से तंग आकर घर से गायब हुई 13 वर्षीय बालिका के खोजबीन मैं लगी पुलिस द्वारा शुक्रवार को धौलपुर आगरा मार्ग पर सुराग मिलने पर पुलिस द्वारा मौसा प्रदीप के कब्जे से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार बताया गया है कि ग्राम नगला रमी निवासी सतीश की पत्नी संजू देवी अपनी पुत्री मनु के साथ आए दिन मारपीट हुआ तंग करती थी जिससे वह अजीज आकर 9 जुलाई को दोपहर बगैर किसी को बताएं घर से चली गई उसको अपने मौसा प्रदीप का नंबर मोबाइल नंबर याद था उसने उससे बात की और टेंपो में बैठकर शाहगंज पहुंच गई जहां पर प्रदीप उसे अपने साथ अपने घर शास्त्रीपुरम ले गया बताया गया है प्रदीप के कोई औलाद नहीं थी जिसके चलते वह है मनु को अपने घर पर ही रखना चाहता था इधर पुलिस द्वारा लगातार मनु की खोजबीन की जा रही थी जिससे वह घबराकर मनु को धौलपुर के मनिया में अपनी दूसरी साली नहानी के घर उसको छिपा आया शुक्रवार को प्रदीप मनु को लेकर धौलपुर से आगरा की ओर आ रहा था तभी पुलिस को जानकारी मिलने पर उसे मार्ग में ही दबोच लिया और मनु को बरामद कर लिया पुलिस द्वारा शास्त्रीपुरम आगरा निवासी मौसी प्रदीप पुत्र गोटे लाल को हिरासत में लिया गया है मनु को मेडिकल के लिए आगरा भेजा गया है।

# संपादकीय

## आंदोलन की सीमाएं



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के समर्थन में ढाई हफ्तों से अधिक समय से अनशन कर रहे 59 वर्षीय वांगचुक की सेहत काफी बिगड़ चुकी है। यही स्थिति उनके साथ अनशन कर रहे छह छात्रों की भी है। इन सब ने सरकार पर नैतिक दबाव बनाने और लोगों में जागरूकता लाने के लिए ये रास्ता अपनाया है। मुद्दा परीक्षा व्यवस्था ढहने की जवाबदेही तय करने का है। इसी मकसद से कोकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से जुड़े नौजवानों ने लगभग चार हफ्तों से दिल्ली में धरना दे रखा है।मगर केंद्र ने अब तक इन लोगों की खोज-खबर नहीं ली है। नतीजतन, जंतर-मंतर पर एक तरह का गतिरोध बन गया है। असहमति की हर आवाज और हर जन प्रतिरोध को अवैध एवं अनुचित मानने वाली नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में ऐसी गतिरोधों का लंबा सिलसिला है। सीजेपी का प्रतिरोध उसकी नई कड़ी बनता दिख रहा है। नतीजतन अनशनकारियों की जान खतरे में पड़ती दिख रही है। शिक्षा एवं जलवायु संरक्षण के क्षेत्रों में वांगचुक के अनूठे प्रयोगों से परिचित लोगों का उनकी, एवं अपने उद्देश्य के लिए अपनी जान को दांव पर लगाने वाले नौजवानों की जिंदगी के लिए चिंतित होना लाजिमी है।सोनम वांगचुक से अनेक विपक्षी नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं, और प्रमुख शख्सियतों ने भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है।

वैसे ये सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि किसी राजनीतिक मांग को पूरा कराने के लिए आमरण अनशन का सहारा लेना कितना उचित समझा जाना चाहिए? व्यापक जन गोलबंदी के जरिए राजनीतिक ताकत बनाने के बजाय नैतिक दबाव से मांग पूरी करवाने की सोच हमेशा से समस्याग्रस्त रही है। इस प्रश्न पर अब फिर से व्यापक बहस की जरूरत है। ये चर्चा इसलिए भी अनिवार्य हो गई है, क्योंकि इस वक्त हम जिस मुकाम पर हैं, उसमें सत्ता का एक खास स्वरूप उभरा है, जब वह विरोधियों एवं विपक्ष के प्रति एक हद तक निर्मम और असंवेदनशील हो गई दिखती है। इसी के मद्देनजर वांगचुक और उनके साथी छात्रों से अनशन खत्म करने की गुजारिश की गई है। उन सबकों यह आग्रह अवश्य स्वीकार कर लेना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो प्रतिरोध की आवाज को सुनने के लिये नीति-नियंताओं को बड़ा दिल भी दिखाना चाहिए।देश के नीति-नियंताओं को पारदर्शी सुधार लाकर और बेहतर जवाबदेही के माध्यम से दरके हुए विश्वास को जल्द बहाल करने की जरूरत है।किसी शांतिपूर्ण विरोध की लंबे समय तक अनदेखी से आंदोलनकारियों और आम लोगों में सरकार के प्रति अविश्वास बढ़ता है। निस्संदेह, यदि आंदोलनकारियों से बातचीत की पहल होती है तो इसको उसकी कमजोरी नहीं कहा जाएगा। सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह आंदोलन कर रहे व्यक्ति की अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करते हुए उसके जीवन की रक्षा करे। वहीं दूसरी ओर किसी भी चिकित्सीय हस्तक्षेप के दौरान कानून और चिकित्सा-संबंधी नैतिक नियमों का पालन किया जाना भी जरूरी है। सही मायने में इस आंदोलन के मानवीय पक्ष पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। यानी सरकार समझने की कोशिश करे कि इस आंदोलन के जन्म लेने के पीछे क्या भावनाएं काम कर रही थीं। साथ ही सरकार को शांतिपूर्ण विरोध के मूलभूत लोकतांत्रिक अधिकार का सम्मान करना चाहिए। निश्चित रूप से बातचीत के लिये किया गया कोई ईमानदार प्रयास गतिरोध को दूर करने में सहायक साबित हो सकता है। साथ ही इस बात की संवेदनशीलता का ध्यान रखना भी जरूरी है कि शासन की शिथिलता व उदासीनता की कीमत सोनम वांगचुक की सेहत को न चुकानी पड़े।



# दुनिया में बढ़ते तापमान के बीच जलवायु परिवर्तन ने वैज्ञानिकों को चौंकाया

**यूरोप और अमेरिका जैसे ठंडे इलाकों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी की वजह से यूरोप के कई देशों में हालात खराब हो चुके हैं। भारत में राजधानी दिल्ली समेत कई इलाकों में भयानक गर्मी पड़ रही है। लोगों को अभी बारिश का इंतजार है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि आने वाले समय में और भी हालात खराब हो सकते हैं। उन्होंने दुनिया में बढ़ती गर्मी को लेकर चेतावनी दी है। आइन जानते हैं कि दुनिया में पड़ रही भीषण गर्मी की आखिर वजह क्या है? बढ़ते तापमान से पृथ्वी को क्या खतरा है?**

### भीषण गर्मी की वजह

साल 2026 में पड़ रही भयानक गर्मी के पीछे सबसे बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी का तापमान तेजी से बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन की वजह हालात बिगड़ रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, जर्मनी और इटली जैसे देशों में जून के तापमान ने कई नए रिकॉर्ड बना चुके हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि क्लाइमेट चेंज की वजह से इस साल भीषण गर्मी पड़ रही है। उनका कहना है कि बीते वर्ष में रात के दौरान पड़ने वाली भीषण गर्मी का खतरा करीब 100 गुना बढ़ चुका है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर धरती का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा है, आने वाले वर्षों में हालात और खराब हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी बढ़ती गर्मी को लेकर चेतावनी दी है।

### इतना बढ़ चुका है दुनिया का औसत तापमान

यूरोपीय संघ की संस्था कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस और विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, औद्योगिक क्रांति (1850-1900) के बाद से अभी तक दुनिया का औसत तापमान करीब 1.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। कछ दिनों पहले विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा था कि 2026 से 2030 के बीच 75 प्रतिशत संभावना है कि 5 साल का औसत तापमान 1.5 डिग्री से ऊपर पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 91 फीसदी संभावना जताई गई है कि इन पांच वर्षों में कम से कम एक साल 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर देगा। 86 फीसदी संभावना है कि इनमें से कोई एक साल 2024 की गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ेगा। इसका मतलब है आने वाले वर्ष और भी ज्यादा गर्म होंगे। इसके लिए पूरी दुनिया को तैयार रहना होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि दुनिया में बढ़ते तापमान के पीछे जलवायु परिवर्तन वजह है।



### क्या यूरोप में गर्मी के पीछे है अल नीनो?

आमतौर पर अल-नीनो की वजह से दुनिया के कई इलाकों में तापमान में वृद्धि होती है और मानसून प्रभावित होता है। लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि यूरोप में रिकॉर्ड तोड़ पड़ रही भीषण गर्मी के पीछे अल-नीनो की भूमिका अधिक नहीं है। उनका कहना कि क्लाइमेट चेंज सबसे बड़ी वजह है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगर ग्रीनहाउस गैसें कम नहीं होती हैं, तो भविष्य में ऐसी हीटवेव और अधिक देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरोप में गर्मी ने 60 हजार से ज्यादा लोगों की जान ली थी। इसलिए ऐसी गर्मी को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

### चिंता बढ़ाने वाला है वैज्ञानिकों का निष्कर्ष

जलवायु परिवर्तन पर शोध करने वाली संस्था क्लाइमेट सेंट्रल ने एक नया विश्लेषण किया है, जो बेहद चौंकाने वाला है। इसके मुताबिक, पूरी दुनिया में खतरनाक उमस भरी गर्मी में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह रिपोर्ट भारत जैसे घनी आबादी वाले देश के लिए एक गंभीर चेतावनी है।

### दोगुने से अधिक हो गए हैं गर्मी वाले खतरनाक दिन

रिपोर्ट के मुताबिक, 50 वर्षों में दोगुने अधिक भीषण गर्मी के दिन हो चुके हैं। एक रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, 1970 के दशक में पूरी दुनिया में एक वर्ष के दौरान औसतन सिर्फ 10 दिन ऐसे होते थे। इस दौरान गर्मी और नमी का मेल इंसानों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता था, लेकिन वर्तमान समय में दोगुनी से भी ज्यादा बढ़कर 23 दिन प्रति वर्ष हो चुकी है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक, 1970 के बाद से दुनिया में दर्ज करीब 64 फीसदी खतरनाक उमस भरे दिनों के पीछे सीधे तौर पर मानवजनित जलवायु परिवर्तन वजह है। वर्ष 2025 में और भयावह स्थिति देखने को मिली। इस दौरान 23 खतरनाक उमस भरे दिनों में से 19 दिन सीधे तौर पर जलवायु परविर्तन की वजह से थे। जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरी तरह से दुनिया खत्म नहीं होगी। हालांकि, यह मानव जीवन, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के लिए भारी तबाही और अपरिवर्तनीय नुकसान की वजह बनता जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो भविष्य में दुनिया को गंभीर संकटों का सामना करना पड़ेगा।



# राजेश खन्ना

## भारतीय सिनेमा के पहले सुपरस्टार को श्रद्धांजलि

**18 जुलाई भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक भावुक दिन के रूप में याद किया जाता है। इसी दिन वर्ष 2012 में हिंदी फिल्म जगत के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। अपनी अदाकारी, आकर्षक व्यक्तित्व और अनूठी मुस्कान से करोड़ों दिलों पर राज करने वाले राजेश खन्ना आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में गिने जाते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर आइए उनके जीवन और फिल्मी सफर को याद करें।**

### सुपरस्टार बनने का सफर

वर्ष 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'आराधना' ने राजेश खन्ना की किस्मत बदल दी। शर्मिला टैगोर साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को बेहद पसंद आई। इस फिल्म की सफलता ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार कई सुपरहिट फिल्में दीं, जिनमें प्रमुख हैं– **आनंद, कटी पतंग, अमर प्रेम, हाथी मेरे साथी, सफर, सच्चा झूठा, दुश्मन, बावर्ची, नमक हराम, मेहबूब की मेहंदी**

राजेश खन्ना ने एक समय लगातार 15 सुपरहिट फिल्मों का रिकॉर्ड बनाया, जो भारतीय सिनेमा में लंबे समय तक एक मिसाल बना रहा।

### जन्म और प्रारंभिक जीवन

राजेश खन्ना का जन्म 29 दिसंबर 1942 को पंजाब के अमृतसर में हुआ था। उनका वास्तविक नाम जतिन खन्ना था। बचपन में उन्हें उनके रिश्तेदार चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने गोद ले लिया था, जिसके बाद उनका पालन-पोषण मुंबई में हुआ।

### शिक्षा

राजेश खन्ना ने अपनी शुरुआती पढ़ाई मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने के.सी. कॉलेज, मुंबई में उच्च शिक्षा प्राप्त की। छात्र जीवन से ही उन्हें अभिनय और नाटकों में गहरी रुचि थी। कॉलेज के दिनों में वे कई रंगमंच प्रस्तुतियों में हिस्सा लेते थे और अपनी प्रतिभा से लोगों का ध्यान आकर्षित करते थे।

### अभिनय की दुनिया में पहला कदम

1965 में यूनाइटेड प्रोड्यूसर्स और फिल्मफेयर द्वारा आयोजित एक टैलेंट प्रतियोगिता में राजेश खन्ना ने हजारों प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की। यही प्रतियोगिता उनके फिल्मी करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। इसके बाद उन्हें वर्ष 1966 में फिल्म "आखिरी खत" से बॉलीवुड में प्रवेश करने का मौका मिला। हालांकि शुरुआती फिल्मों से उन्हें बड़ी सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने अपने अभिनय से उद्योग का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



### प्रशंसकों के बीच अद्भुत लोकप्रियता

1970 के दशक में राजेश खन्ना की लोकप्रियता अपने चरम पर थी। उनकी एक झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक घंटों इंतजार करते थे। लड़कियां उन्हें खून से खत लिखती थीं और उनकी तस्वीरों से शादी तक कर लेती थीं। उनकी कार पर लगे लिपस्टिक के निशान उनकी दीवानगी की कहानी बयान करते थे।

### यादगार संवाद और अभिनय

राजेश खन्ना केवल रोमांटिक हीरो नहीं थे, बल्कि एक संवेदनशील अभिनेता भी थे। फिल्म 'आनंद' का उनका संवाद–

**'बाबू मोशाय, ज़िंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं'**

आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। उन्होंने अपने अभिनय के जरिए भावनाओं को जिस सहजता से पर्दे पर उतारा, वह उन्हें अपने समकालीन कलाकारों से अलग बनाता है।

### पारिवारिक जीवन

राजेश खन्ना ने वर्ष 1973 में अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया से विवाह किया। उनकी दो बेटियां हैं– ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना। ट्विंकल खन्ना ने भी फिल्मों में काम किया और बाद में लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई।

### राजनीति में भी सक्रिय रहे


फिल्मी करियर के अलावा राजेश खन्ना ने राजनीति में भी कदम रखा। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े और 1992 में नई दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। हालांकि उनकी पहचान मुख्य रूप से एक अभिनेता के रूप में ही बनी रही।


### सम्मान और उपलब्धियां

राजेश खन्ना को अपने करियर में अनेक पुरस्कार मिले। उन्हें कई बार फिल्मफेयर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया।

### निधन

लंबी बीमारी के बाद **18 जुलाई 2012** को मुंबई स्थित अपने आवास 'आशीर्वाद' में राजेश खन्ना का निधन हो गया। उनके निधन से भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय का अंत हो गया, लेकिन उनकी फिल्में और यादें आज भी करोड़ों प्रशंसकों के दिलों में जीवित हैं।





# रोहित शर्मा के संन्यास की अटकलों पर बीसीसीआई का विराम

## लॉर्ड्स वनडे को आखिरी मैच मानने से किया इनकार



### बल्लेबाजी कोच ने भी किया समर्थन

रोहित की हालिया फॉर्म को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में वह बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। इसके बावजूद भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने उनका समर्थन किया है। कोटक ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों के करियर में ऐसे दौर आते रहते हैं और दो मैचों में रन नहीं बनने से उनकी क्षमता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि रोहित टीम के लिए अहम भूमिका निभाते रहेंगे।


### टीम प्रबंधन को नहीं दी कोई जानकारी

रिपोर्टों के अनुसार रोहित शर्मा ने अपने भविष्य या संभावित संन्यास को लेकर न तो राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और न ही टीम प्रबंधन को कोई जानकारी दी है। ऐसे में उनके संन्यास को लेकर चल रही चर्चाओं को फिलहाल अटकलों के तौर पर ही देखा जा रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा मुकाबला निर्णायक साबित होगा, जहां दोनों टीमें सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेंगी।

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 19 जुलाई को खेला जाने वाला तीसरा वनडे उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच नहीं होगा। हाल के दिनों में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि रोहित शर्मा 2027 वनडे विश्व कप की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं और इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज का अंतिम मुकाबला उनके करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। हालांकि, बीसीसीआई ने इन दावों को निराधार बताया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन इस संबंध में कोई चर्चा नहीं हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रोहित भारतीय वनडे टीम के नियमित सदस्य हैं और जब तक वह टीम की योजनाओं का हिस्सा रहेंगे, तब तक देश का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

## पीवी सिंधु जापान ओपन के फाइनल में पहुंचीं, सात साल बाद चेन यूफेई को हराया

**टोक्यो।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बना ली है। यह पहला अवसर है जब सिंधु इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। सेमीफाइनल में सिंधु ने चीन की विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यूफेई को मात दी। मुकाबले के दौरान सिंधु 21-19, 15-10 से बढ़त बनाए हुए थीं, तभी यूफेई हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण मैच पूरा नहीं कर सकीं और उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा। इस जीत के साथ सिंधु ने यूफेई के खिलाफ लगातार पांच हार के सिलसिले को भी समाप्त कर दिया। वह सात साल बाद चीनी खिलाड़ी पर जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इससे पहले उन्होंने 2019 विश्व चैंपियनशिप में यूफेई को हराया था। सिंधु अब फाइनल में जापान की अकाने यामागुची और इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वारदानी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से भिड़ेंगी।



### दो साल बाद बड़े वर्ल्ड टूर फाइनल में पहुंचीं

सिंधु करीब दो वर्ष बाद बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीता था। अब वह इस सत्र का पहला और लंबे समय बाद सुपर 750 स्तर का खिताब जीतने से एक कदम दूर हैं।

### क्वार्टर फाइनल में मिला था वॉकओवर

सिंधु को क्वार्टर फाइनल में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोओमी ओकुहारा से वॉकओवर मिला था। इससे पहले दूसरे दौर में उन्होंने चीन की हान यू को सीधे गेमों में 21-16, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी। सिंधु के फाइनल में पहुंचने से भारतीय बैडमिंटन को बड़ी सफलता मिली है और अब उनकी नजर खिताब जीतकर टूर्नामेंट का समापन करने पर होगी।

## तीसरे वनडे से बाहर हो सकते हैं वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव को मिल सकता है मौका



**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जाने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे से पहले भारतीय टीम को झटका लगा है। ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो सकते हैं। दूसरे वनडे के दौरान उन्हें पैर में चोट लगी थी, जिसके बाद उनकी फिटनेस को लेकर चिंता बढ़ गई है। कार्डिफ में खेले गए दूसरे वनडे में बल्लेबाजी के दौरान वाशिंगटन सुंदर असहज नजर आए थे। पारी के दौरान उन्हें फिजियो से उपचार लेते देखा गया और आउट होने के बाद भी वह दर्द में दिखाई दिए। चोट के कारण वह इंग्लैंड की पारी के दौरान मैदान पर नहीं उतर सके थे। भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने मैच के बाद बताया कि वाशिंगटन को रन लेते समय हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। उनकी चोट का आकलन किया जा रहा है और अंतिम फैसला मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। यदि वाशिंगटन अंतिम मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहते हैं तो टीम प्रबंधन बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर विचार कर सकता है। कुलदीप हाल के महीनों में सीमित अवसर ही पा सके हैं, लेकिन निर्णायक मुकाबले में स्पिन विकल्प के तौर पर उन्हें मौका मिल सकता है। वहीं, बीमारी के कारण दूसरा वनडे नहीं खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की भी वापसी की संभावना है। ऐसे में टीम संयोजन को लेकर प्रबंधन के सामने कई विकल्प मौजूद हैं।

वाशिंगटन सुंदर ने सीरीज के पहले वनडे में अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और हाल के समय में वह तीनों प्रारूपों में टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। ऐसे में लॉर्ड्स में 19 जुलाई को खेला जाने वाला मुकाबला सीरीज का फैसला करेगा।

दूसरे वनडे में भारत ने विराट कोहली (65) और श्रेयस अय्यर (66) की पारियों की मदद से 233 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने जो रूट की नाबाद 99 रन की पारी के दम पर 44.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर चार विकेट से जीत दर्ज की थी।

## शनिवार, 18 जुलाई राशिफल

मेष: आज रचनात्मक कार्यों और नए विचारों में सफलता मिलने के योग हैं। करियर में रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं और आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

वृष: आज घर-परिवार में सुख और शांति का माहौल रहेगा। करियर में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा और व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं। धन संबंधी मामलों में सुधार होगा, लेकिन जल्दबाजी से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और आलस्य से दूर रहें।

मिथुन: आज भाई-बहनों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। छोटी यात्रा लाभदायक साबित हो सकती है। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं और व्यापार से जुड़े काम पूरे होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें और वाणी में मधुरता बनाए रखें।

कर्क: आज धन से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। परिवार में खुशहाली बनी रहेगी और पुराने मानसिक तनाव दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। नए लोगों से मुलाकात भविष्य में लाभ दिला सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह: आज आपका आकर्षण और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेंगे। रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है और अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। मित्रों का सहयोग मिलेगा और करियर में नए अवसर बनेंगे। बड़े फैसले सोच-समझकर लें।

कन्या: आज आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। समाज और परिवार में सम्मान बढ़ेगा। संपत्ति या वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में नई चुनौतियां आएंगी, लेकिन धैर्य से उन्हें संभाल लेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

तुला: आज नई मुलाकातें और नए अवसर आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। नौकरी और व्यापार में सफलता मिलने के योग हैं। यात्रा से लाभ मिल सकता है और निवेश के लिए समय अनुकूल रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा।

वृश्चिक: आज करियर में उन्नति के संकेत हैं और लंबे समय से रुके काम पूरे हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सतर्कता रखें और अनजान लोगों को पैसा उधार देने से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा। सेहत पर विशेष ध्यान दें।

धनु: आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। धार्मिक यात्रा या तीर्थ जाने की योजना बन सकती है। करियर और व्यापार में नए अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और संतान से सुखद समाचार मिल सकता है। आलस्य से बचें।

मकर: आज ससुराल पक्ष या रिश्तेदारों से लाभ मिलने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी। संपत्ति खरीदने की योजना बन सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात मन को खुश करेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ: आज दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। पुराने रुके हुए काम पूरे होंगे और करियर में सही दिशा मिलेगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। लंबी यात्रा फिलहाल टालना बेहतर रहेगा

मीन: आज सेहत में सुधार महसूस होगा और मन सकारात्मक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा तथा आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लेना लाभदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनावश्यक विवादों से बचें। परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

newsnextindia1@gmail.com
न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# मोशन के अनुज अग्रवाल ने नीट प्रवेश परीक्षा में पाई 133वीं रैंक

एनएनआई



**आगरा।** मोशन अकेडमी के छात्र अनुज अग्रवाल ने नीट प्रवेश परीक्षा में पाई 133वीं रैंक नीट प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणाम में मोशन अकेडमी आगरा जैसा रिजल्ट किसी का भी नहीं। मोशन अकेडमी का सटीक मार्गदर्शन और छात्रों की मेहनत रंग लाई। संस्थान से 62 छात्रों का चयन नीट परीक्षा में हुआ।

नीट प्रवेश परीक्षा 2026 परिणाम आ चुका है। शहर के विख्यात कोचिंग संस्थान मोशन अकेडमी आगरा के प्रतिभाशाली छात्रों ने परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। मोशन अकेडमी के छात्र अनुज अग्रवाल ने नीट प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणाम में आगरा मंडल में 133वीं टॉप रैंक पाई।

संस्थान ने इस वर्ष भी नीट प्रवेश परीक्षा 2026 के परिणाम में प्रदेश के शिक्षा के जगत में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मोशन अकेडमी संस्थान से इस वर्ष 62 छात्रों का सलैक्शन नीट परीक्षा में हुआ। वही अन्य छात्र रितेश गुप्ता-375वीं रैंक, काव्या तोमर-456वीं रैंक, कनक दीक्षित-511वीं रैंक, रिषभ पांडे-755वीं रैंक, पल्लवी मित्तल-898वीं रैंक, रोनक गुप्ता-1044वीं रैंक, हर्षित शर्मा-1123वीं रैंक, खुशी मित्तल-1501वीं रैंक, नयन गुप्ता-1754वीं रैंक, प्राप्त कर मोशन अकेडमी का नाम रोशन किया।

# मनोज सिंघल अध्यक्ष और रवि बंसल बने सचिव

**लायंस क्लब आगरा फ्रेंड्स फॉरएवर के अधिष्ठापन समारोह में नवीन कार्यकारणी ने ली शपथ**

एनएनआई




**आगरा।** लायंस क्लब आगरा फ्रेंड्स फॉरएवर के अधिष्ठापन समारोह का आयोजन शुक्रवार को फतेहाबाद रोड स्थित सनरिंग होटल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं नए सदस्यों के स्वागत के साथ हुआ। समारोह में सत्र 2026-27 का नवीन कार्यकारिणी का विधिवत शपथ ग्रहण कराया गया। मनोज कुमार सिंघल को अध्यक्ष, रवि बंसल को सचिव और मनोज त्रिवेदी को कोषाध्यक्ष पद की शपथ पीड़ीजी डॉ. योगेश कंसल और डिस्टिक पीआरओ प्रदीप कुलश्रेष्ठ ने दिलाई। इसके पश्चात सभा का एजेंडा प्रस्तुत किया गया तथा आगामी सत्र के वार्षिक बजट एवं विभिन्न सेवा गतिविधियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार सिंघल ने कहा कि लायंस क्लब का मूल उद्देश्य मानव सेवा है और इसी भावना के साथ पूरे वर्ष रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर, पर्यावरण संरक्षण अभियान, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम तथा जरूरतमंदों की सहायता के विभिन्न सेवा प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। बैठक में क्लब की भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श करते हुए सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर अनिल गर्ग, अनूप गर्ग, रवि अग्रवाल, पवन गर्ग,संजीव अग्रवाल, रिंकू बंसल, सूरज जिंदल,सुरेश अरोरा, एसएम. सक्सेना, सुनील कुलश्रेष्ठ, विजय कपूर, सुनील शर्मा, प्रियंका बंसल, गुंजन, शालिनी, मंजू, सुनीता, लक्ष्मी त्रिवेदी,चित्रा, कल्पना, आशा आदि उपस्थित रहे।

# शहर एक अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है, कार्ययोजना बनाकर विकास कराएं

**शहर की प्राचीन नहर प्रणाली को चिन्हित कर अतिक्रमणमुक्त व पुनर्जीवित कर, सौन्दर्यीकरण**

- अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम, आगरा बैराज, किसान भवन की स्थापना, तथा शहर के प्रमुख मार्गो को अतिक्रमणमुक्त कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का बनाये जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

एनएनआई




**आगरा।** फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर की अध्यक्षता में व केन्द्रीय मंत्री प्रो.एस.पी. सिंह बघेल की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ. जीएस धर्मेश, चौधरी बाबूलाल,भगवान सिंह कुशवाह, छोटेलाल वर्मा, एमएलसी विजय शिवहरे , जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रदीप भाटी,सहित सभी ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन व जनप्रतिनिधिगण की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

फतेपुरसीकरी सांसद /अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) राजकुमार चाहर ने बैठक में कहा कि आगरा शहर एक अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है, उसी स्तर की यहां सड़क, सुविधाएं,इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य कराएं जाएं, उन्होंने कहा कि आगरा में प्राथमिकता पर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण की कार्य योजना एडीए या नगर निगम द्वारा बनाई जाए, आगरा के अभी भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्रुव जुरैल, दीप्ति शर्मा खेल रहे, अनेक खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में निकले हैं, श्री चाहर ने महुअर में लैदर पार्क की जमीन पर, या एत्मादपुर में किसी स्थान को चिह्नित कर अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम की प्रस्तावना करने तथा चौधरी बाबूलाल जी ने दक्षिणी बाईपास पर नगला सिकरवार में पड़ी खाली जमीन पर केंद्रीय विद्यालय बनाने के प्रस्ताव दिए।

अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) महोदय ने आगरा में दूरदराज क्षेत्रों से आए किसानों के लिए शहर के मध्य में किसान भवन की स्थापना करने की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि इस हेतु सभी जनप्रतिनिधि वित्तीय सहयोग को तैयार हैं। मा.अध्यक्ष महोदय ने आगरा में भविष्य की पेयजल समस्या समाधान हेतु यमुना पर बैराज निर्माण हेतु शासन में तत्काल प्रभावी पैरवी कर अप स्ट्रीम या डाउन स्ट्रीम, बैराज निर्माण की महती आवश्यकता व निर्माण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी में एक केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु कार्यवाही आगे बढ़ाने तथा शहर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कर सौंदर्यीकरण करा अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जाए।

केंद्रीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के अपने राजस्व स्रोत से बहुउद्देशीय सामुदायिक भवनों एवं मैरिज हॉल के निर्माण पर धनराशि व्यय करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अतः सभी पंचायतों में बहुउद्देशीय सामुदायिक भवनों की स्थापना की जाए के प्रस्ताव तैयार किए जाएं, जिससे कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, शादी, विवाह, जन्मदिन एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उनका उपयोग कर सकें।

